बाधो, मास , वर्ष-10, अंक 173, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज बुधवार 18 सितम्बर, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar


नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

## यूपी में पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनने जा रहे हैं सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ सोनभद्र,।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तम प्रदेश बने, इसके लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच सीएम योगी के विजन अनुसार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि उत्तर प्रदेश पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पनन करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी। 6 प्लांट्स के जरिए होगा 4730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन योगी सरकार इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास 'इन प्रिंसिपल अप्रूवल' है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं। सोनभद्र में होगा सबसे बड़ा प्लांट, 1250 मेगावॉट होगी कैपेसिटी सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गन्हावा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी



का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंडीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजवरयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100.62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में इसी वर्ष 8 अगस्त को 600 मेगावॉट कैपेसिटी के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इसका निर्माण एक्मे ऊर्जा टू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और यह क्लोज्ड लूप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट होगा। यहां भी अपर रिजर्वॉयर व लोअर रिजर्वॉयर मैकेनिज्म से ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा और परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को 3544.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। मीरजापुर में 4 प्लांट्स के जरिए 3480 मेगावॉट ऊर्जा का होगा उत्पादन मीरजापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3480 मेगावॉट ऊर्जा उत्पनन करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपए की लागत से 630 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। जबकि, रेन्यू द्वारा गांव कालू पट्टी में 3350 करोड़ रुपए की लागत से 600 मेगावॉट व बबूरा में 4100 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावॉट कैपेसिटी वाले प्लांट्स का निर्माण, विकास व संचालन किया जाएगा।

## बारिश में एक कच्चा मकान ढहकर गिर गया जिसमें दबकर रामजीत पुत्र काशी नामक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** सोनभद्र के थाना रायपुर के ग्राम पड़री में रविवार को हुई मुसला धार ।जहां इस मौत से परिजन सदमे में हैं वही यह घटना भाजपा सरकार की पोल भी खोल रही है ,भाजपा ने वादा किया था कि गिट्टी बालू सस्ता होगा हर गरीब का घर पक्का होगा पर हर साल बारिश के महीने में कच्चे मकान के गिरने की खबर आती है वही बीजेपी के चुनावी वादे के विपरीत हर साल गिट्टी बालू के दाम भी बढ़ने की खबर मिलती है । भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए वादे करती है और सत्ता में आते ही फिर उन्हे गरीब मतदाताओं का शोषण शुरू कर देती है चाहे वो बिजली की दरों की बात हो या बेलगाम मंहगाई,अब जनता ने इन झूठ बोलने वालों को 2024 में सिर्फ आइना दिखाया है और पूरी पिक्चर तो 2027 में दिखायेगी। जब सपा सरकार बनेगी तो रोटी कपड़ा सस्ती होगी, दवा पढ़ाई मुफ्ती होगी के तर्ज पर गिट्टी बालू सस्ता कर जनता को राहत प्रदान करेगी।



NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

कौशलं बलम्

NAINI ALLAHABAD

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)


कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)

COPA कोर्स सभी प्रकार की नौकरियों जैसे-

पुलिस विभाग (कम्प्यूटर आपरेटर)

रक्षा मंत्रालय (DRDO) भारत सरकार मुद्रण विभाग, राजकीय आई.टी.आई. इंस्ट्रक्टर, स्वास्थ्य विभाग और सभी सरकारी विभागों, बैंक / प्रतिष्ठानों के लिए मान्य यह प्रमाणप्त्र O-Level के समकक्ष है।

विशेष - ये कोर्स रेलवे द्वारा निकाली जाने वाली कम्प्यूटर ऑपरेटर की रिक्तियों के लिए मान्य है।



श्री सी.पी. पाण्डेय

प्रभारी निरीक्षक डायल 112, उ.प्र. पुलिस

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity



# जीरो रोड बस स्टैंड के पास रोडवेज बस में मिला पुलिस इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा का शव


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में करेली,



खुल्दाबाद व शाहगंज के थाना प्रभारी के पद पर रहा चुके है अनुराग शर्मा रोडवेज बस में 32 साल के पुलिस इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा का शव मिला है लखनऊ से प्रयागराज आ रहे थे चलती बस में हार्ट अटैक आने से हुई मौत घटना का पता उस वक्त चला, जब बस प्रयागराज पहुंची तो वह उतरे नहीं। सूचना पर पहुंची पुलिस, आनन-फानन में ऐं हॉस्पिटल ले गई। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा को मृतक घोषित कर दिया। लखनऊ पुलिस कमिशन्रेट में है तैनात लखनऊ में कोर्ट की सुरक्षा में तैनात थे 2013 बैच के इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा।

# एनडीआरएफ टीम द्वारा फाफामऊ के बाढ़ प्रभावित इलाकों में खाद्यय सामग्री वितरण किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** 11 एन डी आर एफ, वाराणसी की टीमें श्री मनोज कुमार शर्मा , उप-महानिरीक्षक के दिशा - निर्देशन में आपदा प्रबंधन, एवं बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम 11व् के निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम के द्वारा गंगा नगर फाफामऊ घरों में फंसे हुए लोगों को खाद्य सामग्री जैसे ब्रेड




बचाव राहत कार्य हेतु प्रयागराज में एक टीम 11 ख् की तैनाती की गई है। पिछले दो तीन दिनों से लगातार गंगा एवं जमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण प्रयागराज गंगा एवं जमुना नदी के तटीय इलाकों में जल जमाव होने के कारण इन क्षेत्रों में में बाढ़ की स्थिति बन गई है आज दिनांक 15 सितंबर 2024 दूध और बिस्कुट टीम के द्वारा एसडीएम और तहसीलदार सोराव की मौजूदगी में लगभग 40 घरों एवं 130 लोगों को राहत खाद्य सामग्री वितरण किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम के द्वारा किए गए इस कार्य को स्थानीय लोगों एवं जिला प्रशासन के द्वारा सराहना किया गया।

# नेहा कश्यप को मिला भोजपुरी फिल्म भौजी में जानी मानी हेरोईन काजल रगवानी जी के साथ काम करने का मौका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** बाँदा जिले के लिए



यह बहुत खुशी की बात है की बाँदा की होनहार बेटी नेहा कश्यप को भोजपुरी इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला है भोजपुरी फिल्म की की जानी मानी हेरोईन काजल रगवानी जी के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस फिल्म में नेहा कश्यप को बहुत बड़ा रोल मिला है भौजी फिल्म में नेहा कश्यप ने काजल रगवानी जी की बहन का किरदार निभाया है नेहा कश्यप ने बताया की वो इस रोल को लेकर बहुत खुश है और ये उनकी भोजपुरी की पहली फिल्म है जिसमें वो मेहनत से काम कर रही है भौजी फिल्म की पूरी शूटिंग प्रतापगढ़ जिले में चल रही है अभी भी प्रतापगढ़ में शूटिंग जारी है और वो इस फिल्म में अच्छा काम कर रही है बहुत जल्द भौजी फिल्म हम सबके बीच होगी भौजी फिल्म बड़े पर्दे 4ळ टीवी चैनल पर आयेगी भौजी फिल्म के डिरेक्टर मंजूँ सर और को डिरेक्टर पार्थ सर थे नेहा कश्यप बताती है की ऐक्टिंग और काम के प्रति लगन देख कर उनको पार्थ सर के द्वारा फिल्म में कास्ट किया गया इस फिल्म का पूरा श्रेय पार्थ सर को देना चाहती है और उनका आभार वक्त करती है की उनका सिलेक्शन इस मूवी के लिए किया गया और नेहा कश्यप को एक अच्छा और बड़ा रोल मिला डिटेक्टर सर नेहा कश्यप की बहुत सहरना की और आगे बढ़ने की शुभकामनाएँ दी नेहा कश्यप सेंट मेरी ज्योति नगर की रहने वाली है नेहा ने बताया की उनका सपना पूरा हुआ अब वो ऐसे कई मूवी में कम करेगी और अपनी मेहेनत और लगन से आगे बड़ेगी बाँदा जिले का नाम रोशन करेंगी नेहा कश्यप के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते है ऐसे ही आगे बढ़ती रहे ।

# नौकरी के साथ करें आईटीआई - मोहम्मद कौसर

**नैनी औद्योयोगिक प्रशिक्षण केंद्र को मिली अनुमति प्रयागराज की परिधि में आने वाले इंडस्ट्री के वर्किंग प्रोफेशनल को मिलेगा आईटीआई में प्रवेश**

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** नौकरी करने के साथ-साथ आईटीआई में प्रवेश कोर ब्रांच फीटर इलेक्ट्रिशियन इलेक्ट्रिक मैकेनिक फोर व्हीलर इंजन मैकेनिक कंप्यूटर टीचर आदि पाठ्यक्रमों में पेशेवर एवं नौकरी पेशा वाले प्रवेश ले सकेंगे इनकी कक्षाएं शाम को संचालित की जाएगी एवं इनको प्रकाशित पाठ्य सामग्री निःशुल्क ,लेक्चर यूट्यूब द्वारा ऑनलाईन प्रदान किया जाएगा इसमें प्रवेश के लिए आईटीआई की वेबसाइट www.nainiiti.com पर आवेदन किया जा सकता है इसमें कार्यरत पेशेवर नौकरी पेशा चाहे वह राज्य के या केंद्र के पब्लिक प्राईवेट कंपनी एमएसएमई को प्रवेश दिया जाएगा इस कोर्स में प्रवेश के लिए किसी कंपनी का फुल टाइम या पार्ट टाइम कर्मचारी होना चाहिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योयोगिक के संघ के अधिकारियों ने बताया कि यह कवायद उद्योयोग के कर्मचारियों के भविष्य के लिए संजीवनी देने का काम करेगी। आईटीआई का प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा दिया जायेगा जो की हर प्रकार से नियमित आईटीआई के संमतुल्य होगा।



# आजद पार्क प्रयागराज मे बिग बटरफ्लाई मंथ का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज इलाहाबाद 15 सितंबर 2024 आजाद पार्क संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम मे आए हुए प्रतिभागियों ने तितलियों के 25 ज्यादा प्रजातियों प्रतिबद्धता की सराहना की। बिग बटरफ्लाई मंथ के इस सफल आयोजन ने प्रयागराज शहर में



प्रयागराज मे कल भारतीय जैवविविधता संरक्षण सोयायटी प्रयागराज चैप्टर द्वारा बिग बटरफ्लाई मंथ के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति जागरुकता फैलाना था जिसमें तितलियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यकम की अध्यक्षता शुआट्स की प्रोफेसर डॉ0 बिपाशा डेविड ने की। डा0 डेविड ने अपने संबोधन मे तितलियों की पारिस्थितिकीय भुमिका और उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होनें कहा तितलियॉ न केवल पर्यावरण सुंदरता बढाती है बल्कि परागण की प्रक्रिया मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जिससे जैव विविधता की रक्षा होती है। बिग बटरफ्लाई मंथ का आयोजन इस दिशा मे एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर तितलियों के विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें शुआट्स के वन्यजीव विभाग के छात्र राजदीप सरकार और शिवम् तिवारी ने लोगो को तितली समुदाय के जीवन चक्र उनके आवास और की गणना की एवं प्राकृतिक आवास को संरक्षित करने और उनके अनुकूल वातावरण बनाने के तरीके सिखे । कार्यकम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमे राहुल त्रिपाठी डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर जैवविविधता संरक्षण सोयायटी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी प्रतिभागियों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक नई जागरुकता को जन्म दिया है। इस अवसर पर सम हिगिनाबोटम विश्वविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र के साथ-साथ शहर के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं व स्थानीय नागरिक बडी संख्या में उपस्थित थे।


















भारत

## संक्षिप्त समाचार

### पीडितों को जल्द और समय पर दिलाएं न्याय

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों से नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने और पीड.तों के लिए शीघ्र और समय पर न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। दिल्ली में दो



दिवसीय 'नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रेटजीज कॉन्फ्रेंस-2024' के अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस महानिदेशकों से नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने और पीड.तों के लिए जल्द और समय पर न्याय सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, अब यह जरूरी है कि मादक पदार्थ, शरारतपूर्ण मकसद से उड़ाए गए ड्रोन और ऑनलाइन धोखाधड़ी सहित उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों की पहचान की जाए और बड़ी चुनौतियां बनने से पहले ही उनसे निपटाया जाए। केंद्रीय गृहमंत्री की यह टिप्पणी मणिपुर में ड्रोन का उपयोग करके नागरिकों पर हमलों के कुछ दिनों बाद आई है। इस हमले के कारण अशांत पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा फिर से भड़क गई है।गृह मंत्री ने आतंकवाद-रोधी ढांचे को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और राज्यों के आतंकवाद रोधी दस्तों के बीच सहयोग और समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### हिरासत में लिए गए भाजपा विधायक मुनिरत्ना

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक मुनिरतन को शनिवार को हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और जातिवादी दुर्व्यवहार के आरोपों में दो प्राथमिकियां दर्ज की गईं थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मुनिरतन को शनिवार को हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और जातिवादी दुर्व्यवहार के आरोपों में दो प्राथमिकियां दर्ज की गईं थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ ये मामले वालिकावल थाने में शुक्रवार को दर्ज कराए गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुनिरतन को कोलार से हिरासत में लिया गया और उन्हें बंगलूरू लाया जा रहा है, जहां उन्हें आधिकारिक तौर पर गिरफ्तार किया जाएगा। इससे पहले भाजपा ने मुनिरतन को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें पांच दिनों के भीतर आरोपों पर जवाब देने के लिए कहा गया है।

## निजाम काल में गणेशोत्सव पर थी कई पाबंदियां, इतिहासकारों ने कहा- आजादी की लड़ाई में भूमिका अहम रही

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** स्थानीय इतिहास शोधकर्ताओं का कहना है कि निजाम काल में गणेश उत्सव मनाने पर काफी प्रतिबंध थे। इसके बावजूद लोग स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में निजाम शासन से तत्कालीन हैदराबाद राज्य (जिसमें वर्तमान महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के क्षेत्र शामिल थे) के आजाद होने तक यहां सीमित क्षेत्रों में मनाया जाता था। छत्रपति संभाजीनगर में था। साल 1945-46 में आजादी की राह पर नामक एक थीम में महात्मा गांधी को मोहम्मद अली जिनन के कंधों पर हाथ रखते हुए और स्वराज्य के मंदिर में जाते हुए दिखाया गया था। इसे लेकर विवाद



जागरुकता फैलाने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते थे। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में गणेश उत्सव की भूमिका आजादी की लड़ाई में बेहद अहम रही थी। गणेश उत्सव ने निजाम काल और ब्रिटिश शासन के दौरान जन जागरुकता फैलाने का काम भी किया। यह जानकारी साल 1973 में प्रकाशित हुई स्थानीय निकाय के संस्मरण में दी गई। स्थानीय इतिहास शोधकर्ताओं का कहना है कि निजाम काल में गणेश उत्सव मनाने पर काफी प्रतिबंध थे। इसके बावजूद लोग स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में जागरुकता फैलाने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते थे। संस्मरण के मुताबिक भगवान गणेश को समर्पित यह उत्सव 17 सितंबर, 1948 को गणेशोत्सव 1904 से सार्वजनिक रूप से मनाया जा रहा है। लेकिन 1925 में गणेश महासंघ (त्योहार मनाने के लिए संगठन) के गठन ने यहां उत्सव को एक संगठित रूप दिया। कई बार गणेश मंडलों द्वारा विभिनन्‍ मुद्दों पर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए जो विषय उठाए गए, उन पर भी खासा विवाद देखने को मिला था। इस मेमोयर को एक प्रति स्थानीय इतिहासकार और छत्रपति शिवाजी संग्रहालय के निदेशक श्रीप्रकाश पुरवार द्वारा डिजिटल की गई है।संस्मरण के मुताबिक गणेश पंडाल में शिवाजी महाराज द्वारा हिंद माता को गुलामी से मुक्त करने जैसे विषय दर्शाए गए, जबकि एक बार भगवान गणेश को एक शेर को मारते हुए दिखाया गया था, जिसे ब्रिटिश सरकार के रूप में दिखाया गया हो गया था और कई लोगों का आरोप था कि इससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। इसे लेकर पथराव भी हुआ था। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हालात नियंत्रण में आए थे। इतिहासकारों के मुताबिक निजाम काल में अंग्रेजी सरकार के खिलाफ़ बोलना मुश्किल था। उस दौरान किसी भी विवादास्पद टिप्पणी के लिए कानूनी परिणाम भुगतने पड़ते थे। हालांकि निज़ाम शासन 17 सितंबर, 1948 को समाप्त हो गया, लेकिन हैदराबाद राज्य 1956 तक अस्तित्व में रहा जब इसे भाषाई रूप से पुनर्गठित किया गया। गणेश महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोहर गवली ने अपने एक लेख में, जो संस्मरण का हिस्सा है, कहा कि निजाम के दौर में गणेश उत्सव मनाना मुश्किल था।

## देशभर में बदल रहा मानसून का पैटर्न कई जगह कम बारिश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** शोध के दौरान वर्ष 2016 से 2020 तक मार्च से मई के महीनों के दौरान महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बादलों की गति और हवा के पैटर्न में बदलाव देखा गया। इसी इलाके में मानसून से पहले बादलों और इनके प्रसार की दिशा में बदलाव का पता चला है, जो मानसूनी वर्षा पैटर्न में बड़े बदलाव का इशारा है। देशभर में मानसून के पैटर्न में बदलाव हो रहा है, जिससे कई जगह कम बारिश हो रही है। यह जानकारी भारतीय शोधकर्ताओं के मानसून के पैटर्न में बदलाव पर किए गए एक शोध में दी गई है। शोध के दौरान वर्ष 2016 से 2020 तक मार्च से मई के महीनों के दौरान महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बादलों की गति और हवा के पैटर्न में बदलाव देखा गया। इसी इलाके में मानसून से पहले बादलों और इनके प्रसार की दिशा में बदलाव का पता चला है, जो मानसूनी वर्षा पैटर्न में बड़े बदलाव का इशारा है। शोधकर्ताओं का कहना है कि बादल आने वाले सौर विकिरण को वायुमंडल में बिखेर सकते है और पृथ्वी से बाहर जाने वाली लंबी-तरंगों वाले विकिरण के लिए भी एक आवरण के रूप में कार्य करते है। इसीलिए बादलों का पृथ्वी की जलवायु पर खासा प्रभाव पड़ता है जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रक्रियाओं के जरिये अपनी प्रकृति में बदलाव जारी रखते है।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान भारतीय भू-चुम्बकत्व संस्थान (आईआईजी) के वैज्ञानिकों ने निमन अक्षांश स्टेशन कोल्हापुर में बादलों का पता लगाने के लिए सभी स्काई इमेजर डाटा (एएसआई) जिसे आमतौर पर ऊपरी वायुमंडलीय अध्ययन के लिए उपयोग किया जाता है, का इस्तेमाल किया।



## आरजी कर मामले में पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी के बाद प्रदर्शन सीबीआई कार्यालय के बाहर पहुंचे आंदोलनकारा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**कोलकाता।** आंदोलनकारी तख्तियां और पोस्टर लेकर सीजीओ कॉम्प्लेक्स के बाहर एकत्र हुए। आंदोलनकारियों ने महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। मामले में सीबीआई से पहले जांच के तरीके को लेकर पुलिस की आलोचना की। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम को एक पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया था। पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी के बाद रविवार सुबह लोगों ने सीबीआई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। गिरफ्तार किए गए ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल को मेडिकल जांच के लिए ले जाते वक्त लोगों की सीबीआई अधिकारियों से धक्का-मुक्की भी हुई। आंदोलनकारी तख्तियां और पोस्टर लेकर सीजीओ कॉम्प्लेक्स के बाहर एकत्र हुए। आंदोलनकारियों ने महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए



नारे लगाए। मामले में सीबीआई से पहले जांच के तरीके को लेकर पुलिस की आलोचना की। थाना प्रभारी मंडल को सबूतों से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज करने में देरी समेत अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें रविवार को सियालदाह की अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शनिवार शाम को पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य भवन में विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने गिरफ्तारी का जशन्‍ मनाया और विरोध स्थल पर गाना गाते हुए दिखाई दिए। एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, 'हम सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने में शामिल आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अभिजीत मंडल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे, हम बहुत खुश हैं, क्योंकि सीबीआई ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई को सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने वाले अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करना चाहिए।' कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की सनतकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। घटना के दूसरे दिन सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नगन्‍ अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया।

## सीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक, कुर्सी की तरफ लपका युवक, सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते दबोचा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**कर्नाटक।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया एक कार्यक्रम के दौरान दिया। इसके बाद पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया



मंच पर मौजूद थे। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक तेजी से दर्शकदीर्घा से उठकर मंच पर मौजूद सीएम सिद्धारमैया की कुर्सी की तरफ लपका। हालांकि सीएम की सुरक्षा में मौजूद सुरक्षाकर्मी तुरंत खतरे को भांप गए।कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। दरअसल एक कार्यक्रम के दौरान एक संदिग्ध युवक सीएम की कुर्सी की तरफ लपका, लेकिन समय रहते ही सीएम के सुरक्षाकमिन्यों ने उसे पकड़ लिया। सुरक्षाकमिन्यों ने संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस कौ सौंप एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद थे। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक तेजी से दर्शकदीर्घा से उठकर मंच पर मौजूद सीएम सिद्धारमैया की कुर्सी की तरफ लपका। हालांकि सीएम की सुरक्षा में मौजूद सुरक्षाकर्मी तुरंत खतरे को भांप गए और उन्होंने समय रहते युवक को सीएम की कुर्सी तक पहुंचने से पहले ही दबोच लिया। अभी तक युवक की इस हरकत की वजह का पता नहीं चला है और न ही उसकी पहचान उजागर की गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## मुंबई-दोहा उड़ान में देरी के लिए इंडिगो एयरलाइंस ने मांगी माफी, कई घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे यात्री

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मुंबई।** कंपनी ने यात्रियों से माफी मांगी है। इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि ग्राहकों को होटल उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उनके जलपान की व्यवस्था की



गई है। मुंबई से दोहा के बीच चलने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में पांच घंटे की देरी हुई। इसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और यात्री कई घंटे तक एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। अब इसे लेकर कंपनी ने यात्रियों से माफी मांगी है। इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि ग्राहकों को होटल उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उनके जलपान की व्यवस्था की गई है। इंडिगो एयरलाइंस ने अपने बयान में कहा कि 'मुंबई से दोहा के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ि1303 में तकनीकी कारणों से उड़ान में देरी हुई। हमारी एयरपोर्ट टीम ने प्रभावित ग्राहकों को तुरंत सहायता प्रदान की और जलपान तथा आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराईं। विमान ने कई बार अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरने की कोशिश की, लेकिन विभिनन्‍ प्रक्रियागत देरी के कारण अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी। ग्राहकों को होटल उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उनके अंतिम गंतव्य के अनुसार उनकी बुकिंग की जा रही है। इंडिगो अपने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए ईमानदारी से माफी मांगता है।'मुंबई-दोहा की इंडिगो की फ्लाइट को सुबह 3.55 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी खामी की वजह से विमान उड़ान नहीं भर सका। मीडिया रिपोर्ट्स के अुसार, यात्रियों को करीब पांच घंटे तक विमान के भीतर ही इंतजार करना पड़ा। यात्रियों का आरोप है कि काफी देर इंतजार करने के बाद उन्हें विमान से उतार दिया गया और इमीग्रेशन एरिया में इंतजार करने को कहा गया। इसके चलते करीब 300 यात्री कई घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे। इस दौरान यात्रियों और एयरलाइंस कर्मचारियों के बीच बहस भी हुई।

## पीएम के तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत झारखंड से, देश को देंगे पहली वंदे मेट्रो रेल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 17 सितंबर तक झारखंड, गुजरात और ओडिशा के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान 12460 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 17 सितंबर तक झारखंड, गुजरात और ओडिशा का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 12,460 करोड़ रुपये से अधिक की विभिनन्‍ परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।



पीएमओ ने उनके यात्रा के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी है। पीएमओ के मुताबिक, तीन राज्यों के दौरे के क्रम में वे सबसे पहले झारखंड जाएंगे, इसके बाद गुजरात और फिर ओडिशा जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 17 सितंबर तक झारखंड, गुजरात और ओडिशा के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान 12460 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी 15 सितंबर यानी आज सबसे पहले झारखंड का दौरा करेंगे। यहां सुबह करीब साढ़े 10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिनन्‍ रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे व टाटानगर में 20,000 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभाथिन्यों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। वह देवघर जिले में मधुपुर बाइपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला भी रखेंगे। पीएम मोदी छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

## मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने की असदुद्दीन ओवैसी की तारीफ अपना भाई बताया; कहा- वह गरीबों की आवाज

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**तेलंगाना।** तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वालों का मुकाबला करने के लिए कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ने एआईएमआईएम प्रमुख को गरीबों की आवाज कहा। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा, ठजब वह कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि पैगंबर मोहम्मद, गीता और बाइबल की शिक्षाएं देश में




सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि पैगंबर मोहम्मद, गीता और बाइबल की शिक्षाएं देश में शांति सुनिश्चित करने के लिए है तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की सराहना की। उन्होंने ओवैसी को एक ऐसा सांसद बताया जो संसद में लगातार गरीबों के लिए बोलते हैं। हैदराबाद में प्रोफेट फॉर द वर्ल्ड पुस्तक के लॉन्च के खिलाफ बोलते हैं तो मुझे अच्छा लगता है, क्योंकि हमारा अपना भाई आवाज उठा रहा है। अगर कोई हमारे खिलाफ बोलेगा तो वह हमारा दुश्मन नहीं है। सरकार चलाने में कुछ गलतियां हो सकती हैं। इन गलतियों को ठीक करने के लिए हमें राज्य और देश में मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है।ठ एक अन्य कार्यक्रम में असदुद्दीन ओवैसी ने कई मुद्दों पर कांग्रेस की आलोचना की। तेलंगाना के सीएम ने आगे कहा कि देश में नफरत फैलाने वालों शांति सुनिश्चित करने के लिए हैं। रेड्डी ने कहा, ठजहर फैलाने वालों को रोकने के लिए हमें एक साथ खड़ा होना चाहिए। भारत हमारा देश है और इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। देश को बचाने कोई और नहीं आएगा। चुनाव जीतने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन हमें उन लोगों से सावधान रहना चाहिए जो चुनाव जीतने के लिए जहर फैलाते है।ठ मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि लोकसभा में जनता के पक्ष में बोलने वालों की संख्या कम हुई है जबकि नफरती भाषणों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

## अब न्याय मिलने के बाद ही चाय पिएंगे', ममता के साथ बैठक बेनतीजा रहने पर डॉक्टर्स का प्रदर्शन जारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को कहा कि वे आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई डॉक्टर को न्याय दिलाने के अपने संकल्प पर अडिग हैं। इससे एक दिन पहले राज्य सरकार के साथ गतिरोध को सुलझाने का एक और प्रयास बेनतीजा रहा था। लगातार बारिश के बीच प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने साल्ट लेक में राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय 'स्वास्थ्य भवन' के बाहर लगातार छठे दिन भी अपना धरना जारी रखा। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में जूनियर डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच गतिरोध जारी है। शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों के बीच एक बार फिर बैठक नहीं हो सकी। इसके बाद सॉल्ट लेक के स्वास्थ्य भवन में जूनियर डॉक्टरों



ने पांचवें दिन भी अपना प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि जब तक इस मामले में न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वे प्रदर्शन करते रहेंगे। बता दें कि ममता बनर्जी ने एक बार फिर बैठक के लिए डॉक्टरों के प्रतिनिधि दल को अपने घर बुलाया था। उनके घर पहुंचे डॉक्टरों ने बैठक के सीधे प्रसारण या वीडियो रिकॉर्डिंग की मांग की थी। राज्य सरकार ने उनकी इस मांग को मानने से इनकार कर दिया, जिसके बाद से ही राज्य भर में प्रदर्शन तेज हो गया। सीएम के घर जाने वाले डॉक्टरों के प्रतिनिधि दल में शामिल डॉ. अकीब ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, ठआज संदीप घोष को गिरफ्तार किया गया। इससे यह साबित होता है कि हमारी मांग सही थी। संदीप घोष ने जो किया वह संस्थागत अपराध है। कई सारे प्रिंसिपल और स्टाफ इसमें शामिल होंगे। हम चाहते हैं कि जो भी इसमें शामिल हैं, वे सभी इस्तीफा दें। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हम प्रदर्शन जारी रखेंगे। हम यहां अभया के लिए हैं और हम उसके लिए न्याय की मांग करते रहेंगे।ठमुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक पर बात करते हुए डॉ. अकीब ने बताया के वे बिना किसी समाधान के वापस आ गए। उन्होंने कहा, ठहमें आधिकारिक बैठक के लिए कालीघाट बुलाया गया था। हम वहां गए। जब हम वहां गए तो हमने अपनी मांग से समझौता भी कर लिया। हमने सिर्फ इतना कहा कि हमें रिकॉर्ड करने की अनुमति दें और बैठक खत्म होने के बाद हमें इसकी रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराएं। अधिकारी इसपर सहमत नहीं हुए। सीएम बाहर आईं और हमसे बैठक के लिए अनुरोध करने लगी, लेकिन जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि न्याय मिलने के बाद ही हम चाय पिएंगे। बाद में हमने रिकॉर्डिंग की भी मांग छोड़ दी और केवल कुछ मिनटों का समय मांगा। तब हमें बताया गया कि अब देर हो गई है और कुछ नहीं हो सकता। हम बारिश में इंतजार करते रहे और फिर हमें बिना किसी समाधान के ही वापस लौटना पड़ा। सभी जूनियर डॉक्टरों को बहुत दुख हुआ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या मामले की सुप्रीम कोर्ट में चल रही कानूनी कार्यवाही के कारण डॉक्टरों के साथ उनकी बैठक की लाइव स्क्रीनिंग का अनुरोध पूरा नहीं किया जा सका। उन्होंने बाद में डॉक्टरों से सहयोग करने का भी अनुरोध किया और उन्हें बैठक की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया था।

# स्पोर्ट्स



## धोनी को लेकर यह बड़ा फैसला ले सकती है चेन्नई सुपर किंग्स की टीम, इस रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होना है। इसको लेकर सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपनी रिटेन और रिलीज किए गए खिलाडियों की लिस्ट बतानी होगी। इसका सभी फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक



बीसीसीआई ने रिटेंशन पॉलिसी को लेकर कुछ फैसला नहीं लिया है। ऐसे में रिटेंशन को लेकर इंतजार बढ़ता जा रहा है। इसी पॉलिसी पर महेंद्र सिंह धोनी का भविष्य भी टिका हुआ है। आईपीएल 2024 में सीएसके का सफर लीग स्टेज में ही खत्म हो गया था। इसके बाद से धोनी के भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ क्रिकेट पंडितों का मानना है कि धोनी अब कभी वापस नहीं आएंगे, जबकि कुछ का कहना है कि उनमें अभी भी कुछ क्रिकेट बचा है और वह अगला सीजन जरूर खेलेंगे। इसी बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चेनन्ई सुपर किंग्स की टीम धोनी को रिटेन करने को तैयार है। बीसीसीआई फिलहाल आईपीएल 2024 की रणनीति पर विचार कर रहा है। कई फ्रेंचाइजी और उनके अधिकारियों ने पहले ही उन खिलाडियों की संख्या पर प्राथमिकताएं सौंप दी हैं जिन्हें वे बनाए रखना चाहते हैं। वहीं, कुछ फ्रेंचाइजी ने रिटेंशन संख्या को आठ तक बढ़ाने का अनुरोध किया है, जबकि कुछ एक भी खिलाड़ी को बनाए रखने के इच्छुक नहीं हैं। अंतिम रिटेंशन संख्या पांच या छह होने की संभावना है, लेकिन बीसीसीआई ने अभी इस मामले पर औपचारिक सूचना जारी नहीं की है। बीसीसीआई के सामने एक और मामला यह है कि कुछ फ्रेंचाइजी ने संन्यास ले चुके खिलाडियों को 'अनकैप्ड' के रूप में वर्गीकृत करने की मांग रखी है। इनमें सीएसके फ्रेंचाइजी भी शामिल है।सुपरकिंग्स ने बीसीसीआई से पुराने नियम को वापस लाने का आग्रह किया था जिसके तहत संन्यास ले चुके खिलाड़ी को अनकैप्ड खिलाडियों की श्रेणी में रखा जा सकता है। सीएसके ने यह उम्मीद करते हुए अनुरोध किया कि नियम की वापसी से उन्हें एमएस धोनी को सस्ती कीमत पर बनाए रखने की अनुमति मिलेगी। हालांकि, इसको अन्य चुनौतियां भी हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई सितंबर के अंत तक रिटेंशन नियमों की घोषणा को टालने के लिए तैयार है। इससे पहले अगस्त की डेडलाइन थी। बोर्ड कथित तौर पर सीएसके के अनुरोध पर गंभीरता से विचार कर रहा है क्योंकि धोनी के एक खिलाड़ी के रूप में एक और साल का विस्तार से न केवल फ्रेंचाइजी को बल्कि आईपीएल को भी फायदा होगा।हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि धोनी को रिटेन करना सीएसके के लिए सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। बीसीसीआई अगर फ्रेंचाइजी को सिर्फ दो रिटेंशन की अनुमति भी देता है तो भी थाला को बरकरार रखा जाएगा। जहां तक अनकैप्ड खिलाडियों को रिटेन करने की लागत का सवाल है तो बीसीसीआई रिटेन किए गए खिलाड.ियों की संख्या के आधार पर फ्रेंचाइजी के पर्स से बैलेंस काटने पर विचार कर रहा है, न कि रिटेन किए गए खिलाडियों के पैसे को ध्यान में रखते हुए। इस तरह से फ्रेंचाइजी फैसला कर पाएंगी कि उन्हें रिटेन किए गए खिलाडियों को कितनी राशि दी जाए। ऐसे में धोनी को कैप्ड या अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बनाए रखा जाता है।

## क्रिकेट टीम को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का खास तोहफा, पाकिस्तान पर ऐतिहासिक टेस्ट जीत का इनाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**बांग्लादेश की टीम साल 2000 से टेस्ट खेल रही है। तब से लेकर अब तक उसने सिर्फ चार बार दो या इससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय सीरीज में किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है बांग्लादेश की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत से खुश अंतरिम सरकार ने खिलाड.ियों को इनाम देने का एलान किया है। शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी। ट्वीट में बताया गया कि खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ महमूद ने बोर्ड के बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद को पुरस्कार राशि सौंपी। हाल ही में बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से हराया था। रावलपिंडी में खेले गए मैचों में बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन किया और नजमुल हुसैन शांतो की अगुआई में पाकिस्तान को उनके घर में हराया। अब पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने टीम को इनाम दिया है। बोर्ड की तरफ से बताया गया कि सरकार ने 3.20 करोड़ बांग्लादेशी टका (लगभग 2.25 करोड़ रुपये) का पुरस्कार दिया गया है। इसका एक हिस्सा बाढ़ पीडि.तों की मदद के लिए दान किया जाएगा।पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने मेजबानों को 10 विकेट से हराया था। इसके बाद दूसरे टेस्ट में भी मेहमानों ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ बांग्लादेश ने पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया। यह टेस्ट में 17वीं बार है जब पाकिस्तान को दो या इससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ का सामना करना पड़ा है। वहीं, अपने घर में पाकिस्तान को दूसरी बार दो या इससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ का सामना करना पड़ा है।बांग्लादेश की टीम साल 2000 से टेस्ट खेल रही है। तब से लेकर अब तक उसने सिर्फ चार बार दो या इससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय सीरीज में किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है। पाकिस्तान से पहले बांग्लादेश की टीम 2009 (2-0) और 2018/19 (2-0) में वेस्टइंडीज का और 2014/15 में जिम्बाब्वे (3-0) का सूपड़ा साफ कर चुकी है। इसके अलावा बांग्लादेश ने 2022/23 में आयरलैंड, 2019/20 में जिम्बाब्वे और 2021 में भी जिम्बाब्वे को एकमात्र टेस्ट की सीरीज में हराया था।




## बीसीसीआई सचिव जय शाह ने दी सूर्यकुमार यादव को जन्मदिन पर बधाई, कहा मुबारक हो कप्तान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सूर्या अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने करियर का पहला मुकाबला 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उन्हें भले ही देर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला, लेकिन उन्होंने इसका भरपूर फायदा उठाया। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव आज अपना 34वां जन्मदिन मना रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने धाकड़ बल्लेबाज को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि भविष्य में आप भारत को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत दिलाएंगे।भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने के लिए प्रसिद्ध हैं। इसलिए उन्हें मिस्टर 360 नाम से भी जाना जाता है। शनिवार को बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उन्हें बधाई देते हुए लिखा- हमारे टी20 कप्तान और बल्ले से मिस्टर 360, सूर्यकुमार यादव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आपको



सबसे छोटे प्रारूप में मेन इन ब्लू को कई जीत दिलाते हुए देखकर उत्साहित हूं। आने वाले साल के लिए शुभकामनाएं। इसके अलावा सूर्या की पतनी देविशा शेट्टी ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने भारतीय बल्लेबाज के साथ अपनी तस्वीरें साझा कीं और उन्हें अपना खास दोस्त, पति, प्रेमी और अपनी दुनिया बताया। देविशा ने लिखा- मेरे सबसे अच्छे दोस्त, पति, प्रेमी, मेरी दुनिया और मेरे जीवन के सबसे अच्छे फैसले को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हर एक दिन आपके लिए आभारी हूं, आपने इस दुनिया को एक बेहतर जगह बना दिया है और मुझे नहीं पता कि मैं आपके बिना क्या करुंगी, आपसे अभी और हमेशा प्यार करती रहूंगी।

## अगर भारत नहीं आया तो पूर्व कप्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई को दी चेतावनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा,



हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराए थे। चैंपियंस ट्रॉफी के नौवें संस्करण का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में होना है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं? यह सवाल बना हुआ है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब तक इस पर कोई बयान नहीं दिया है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान ने भारत के पाकिस्तान आने पर बयान दिया है। उनका मानना है कि अगर रोहित शर्मा की टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो भविष्य में पाकिस्तान की टीम भी किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं जाएगी। मोईन खान ने भारत के पूर्व खिलाड.ियों को सलाह दी कि वह बीसीसीआई को समझाएं और पाकिस्तान दौरे के लिए टीम को तैयार करें। उन्होंने कहा- सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, कपिल देव, राहुल द्रविड़ जैसे पूर्व भारतीय क्रिकेटरों को अपने क्रिकेट बोर्ड से कहना चाहिए कि वे राजनीति को क्रिकेट से दूर रखें। क्रिकेट को राजनीतिक मुद्दों से बाधित नहीं किया जाना चाहिए। प्रशंसक भारत और पाकिस्तान को खेलते देखना पसंद करेंगे। इससे न केवल पाकिस्तान को फायदा होगा, बल्कि समग्र क्रिकेट को भी फायदा होगा। खान ने भारत के भाग न लेने की स्थिति में आईसीसी की भूमिका पर भी सवाल उठाया और वैश्विक क्रिकेट निकाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि भारत अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करें। इस दौरान खान ने आईसीसी की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, ठभारत को आईसीसी के साथ मिलकर अपने प्रतिद्वंद्वियों का सम्मान करना चाहिए। और अगर वे नहीं आते हैं, तो पाकिस्तान को भारत में आयोजित होने वाले किसी भी भविष्य के कार्यक्रम में भाग लेने के अपने फैसले पर सोचना चाहिए। 1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराए थे।

## प्रथम सिंह और तिलक वर्मा ने जड़े शतक, इंडिया डी को थमाया विशाल लक्ष्य, इंडिया बी की हालत खराब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** घरेलू टूर्नामेंट का दूसरा दौर शुरू हो चुका है। इंडिया ए और इंडिया डी के बीच कड़ी



टक्कर देखने को मिल रही है जबकि इंडिया बी और इंडिया सी की भिड़ंत हो रही है। एक तरफ चेनन्ई में भारतीय टीम आगामी टेस्ट सीरीज के लिए पसीना बहा रही है, तो दूसरी तरफ भारतीय युवा खिलाड.ियों को दलीप ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन करते देखा जा रहा है। घरेलू टूर्नामेंट का दूसरा दौर शुरू हो चुका है। इंडिया ए और इंडिया डी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है जबकि इंडिया बी और इंडिया सी की भिड़ंत हो रही है। शनिवार को इंडिया डी को 488 रनों का लक्ष्य मिला, स्टंप्स के समय यश दुबे 15 और रिकी भुई 44 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर डटे थे। दूसरी पारी में इंडिया डी का स्कोर 62/1 है। वहीं, इंडिया बी को संघर्ष करते देखा जा रहा है। पहली पारी में इंडिया बी ने 101 ओवर में 309 रन बना लिए हैं। उनके सात विकेट गिर चुके हैं। फिलहाल टीम 216 रन से पीछे चल रही है।मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली इंडिया ए का पलड़ा इंडिया डी पर भारी नजर आ रहा है। शनिवार को प्रथम सिंह और तिलक वर्मा ने शतकीय पारियां खेलीं। इंडिया ए के लिए दूसरी पारी में ओपनिंग के लिए उतरे प्रथम सिंह ने 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 122 रनों की दमदार पारी खेली।

## नाहिद राणा से निपटने के लिए भारतीय कैंप में शामिल हुआ घातक गेंदबाज कर रहा बल्लेबाजों की मदद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू होने जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच भारतीय कैंप में बांग्लादेश ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से जीत दर्ज की थी। रावलपिंडी में खेले गए आखिरी मुकाबले में नाहिद राणा ने कुल पांच विकेट चटकाए। पहली पारी में युवा गेंदबाज ने एक विकेट कर चुके हैं। माना जा रहा है कि टर्निंग पिच पर खेलना भारत के लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। वहीं, चेपॉक की पिच ऐसी हो सकती है, जहां तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को समान सहायता मिलेगी।



एक ऐसे गेंदबाज को शामिल किया गया है, जो बांग्लादेश से निपटने के लिए भारतीय बल्लेबाजों की मदद कर सकता है। बता दें कि, युवा गेंदबाज नाहिद राणा रोहित शर्मा की सेना के लिए आगामी मुकाबले में चुनौती बन सकते हैं। ऐसे में मुख्य को गौतम गंभीर और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने पंजाब के घातक गेंदबाज को टीम में अभ्यास सत्र में शामिल करने का फैसला लिया है। हम जिस गेंदबाज की यहां चर्चा कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि आईपीएल के पिछले सीजन में पंजाब किंग्स का हिस्सा रह चुके गुरनूर बरार हैं। कद में 6.5 फीट लंबा यह गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों की बांग्लादेशी गेंदबाजों से निपटने में सहायता करेगा। उन्हें कैंप में शामिल करने का सबसे बड़ा कारण उनका कद है। दरअसल, पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में हासिल किया जबकि दूसरी पारी में उन्होंने कुल चार सफलताएं अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। उनकी घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने मेजबानों को लगातार दूसरे टेस्ट में छह विकेट से हरा दिया। अब इस टीम को भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलने हैं। नाहिद के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में टीम इंडिया पहले से ही तैयारियों में जुट गई है। गुरनूर को भारतीय टीम के चार दिवसीय कैंप का हिस्सा बनाया गया है। उन्होंने पांच प्रथम श्रेणी मुकाबले खेले हैं, लेकिन उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनका कद है और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। बांग्लादेश के गेंदबाज नाहिद 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वह ऐसा इस पिच पर उछाल ज्यादा हो सकता है। ऐसे में नाहिद राणा को फायदा हो सकता है। अभ्यास सत्र के दौरान भारत के नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल को गुरनूर से चर्चा करते भी देखा गया। गुरनूर के अलावा मुंबई के ऑफ स्पिनर हिमांशू सिंह और तमिल नाडु के बाएं हाथ के गेंदबाज एस अजीत राम को भी भारतीय बल्लेबाजी क्रम की सहायता के लिए टीम में शामिल किया गया। अभ्यास सत्र के दूसरे दिन तेज गेंदबाज आकाश दीप और यश दयाल ने बुमराह और सिराज की प्रमुख तेज जोड़ी से ज्यादा गेंदबाजी की। लगभग एक महीने के ब्रेक के बाद अब भारतीय बल्लेबाज लय में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश की टीम आगामी सीरीज के लिए रविवार को चेनन्ई पहुंचेगी।

## स्थानीय लीग के जरिए अंदर घुसना चाहते हैं भ्रष्टाचारी'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व पुलिस अधिकारी ने यह नहीं बताया कि क्या वह किसी विशेष स्थानीय लीग या देश के संदर्भ में यह बात कह रहे थे। मार्शल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, 'मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप जो क्रिकेट देख रहे हो वह सुरक्षित और साफ सुथरी है।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के निवर्तमान प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा कि शीर्ष स्तर की क्रिकेट सुरक्षित और साफ सुथरी है लेकिन संभावित भ्रष्टाचारियों की नजर स्थानीय क्रिकेट संस्थाओं द्वारा संचालित की जा रही टी20 लीग के जरिए इस खेल में घुसपैठ करने पर है।ब्रिटेन के पूर्व पुलिस अधिकारी ने यह नहीं बताया कि क्या वह किसी विशेष स्थानीय लीग या देश के संदर्भ में यह बात कह रहे थे। मार्शल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, 'मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप जो क्रिकेट देख रहे हो वह सुरक्षित और साफ सुथरी है।

## राशि फल



आपका सामान्य रहने वाला है, स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा। आप किसी लंबी यात्रा आदि पर जा सकते हैं, वाहन आदि का उपयोग संभाल कर करें।

भागदौड़ से भरा रहेगा, आपका मन अशांत रहेगा। स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे, व्यापार-व्यवसाय में कोई बड़ी डील हाथ से निकल सकती है। पार्टनर से मतभेद हो सकते हैं।

आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा, कोई रुका हुआ पुराना कर आज पूरा होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव दिखाई पड़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

आपका दिन अच्छा रहने वाला है, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। किसी कार्य के लिए आप प्रयास कर रहे हैं, तो आज आपको उसमें सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में कोई बड़ा ।

कुछ परेशानियों भरा रह सकता है। आप व्यर्थ के वाद विवाद में फंस सकते हैं, कोई झूठा आरोप आप पर लग सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप कमजोरी महसूस करेंगे।

किसी अपने के व्यवहार के कारण परेशान हो सकते हैं। किसी संबंधी से बड़ा विवाद हो सकता है। आप स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे। पार्टनर का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आपका मन प्रसन्न रहेगा, किसी विशेष व्यक्ति से मिलना होगा। आपके स्वास्थ्य में लाभ होगा, आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार के साथ संबंध मधुर होंगे ।

आपके लिए सफलता से भरा रहेगा। नौकरी आदि का प्रयास कर रहे हैं, तो आज सफल होंगे। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। परिवार में माता-पिता की स्वास्थ्य में लाभ होगा।

आप स्वास्थ्य को लेकर परेशान रह सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं के कारण मन अशांत रह सकता है। पार्टनर से मतभेद हो सकते हैं।

आपका दिन परेशानियों से भरा रहेगा, स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यापार आदि में हानि उठानी पड़ सकती है। लंबी यात्रा पर जाएं, तो वाहन आदि का उपयोग संभलकर करें।

आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। न्यायालय पक्ष में विजय प्राप्त होगी, सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। मित्रों और संबंधियों का आर्थिक रूप से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

आप कोई नया कार्य शुरू करेंगे। किसी विशेष व्यक्ति के आगमन से मन प्रसन्न रहेगा। माता-पिता परिवार के साथ आप किसी बड़े कार्य की योजना बना सकते हैं।

# सम्पादकीय

## अमेरिका में स्वामी विवेकानंद का वो भाषण जिसने दुनिया में भारत की छवि को पुन:स्थापित किया

1893 में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण के सार में जाने से पहले, उस युग के ऐतिहासिक संदर्भ को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह 19वीं शताब्दी की बात है जब अंग्रेजों ने भारत को उपनिवेश बनाया हुआ था। इतिहास और सभ्यताओं ने समय-समय पर विभिन्न आंखें खोल देने वाले व्याख्यानों और भाषणों को देखा और सुना है, लेकिन कुछ का मानवता पर सबसे महत्वपूर्ण और समग्र प्रभाव पड़ा। उनमें से एक, जिसने शब्दों की शक्ति से दुनिया को हिला दिया, वह स्वामी विवेकानंद का था, जिन्हें 1893 में उनके प्रतिष्ठित 'शिकागो भाषण' के लिए याद किया जाता है। यह भाषण धर्म, देश, विचारधारा और राजनीति की सीमाओं से परे था, क्योंकि यह सभी के लिए सार्वभौमिक था। हालांकि, यह केवल स्वामी विवेकानंद के जादुई शब्द नहीं थे; यह चरित्र, निस्वार्थ परिव्राजक जीवन और तपस्या के वर्ष थे जिन्होंने भारत के प्रति विश्व के दृष्टिकोण को परिवर्तित कर दिया। 1893 में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण के सार में जाने से पहले, उस युग के ऐतिहासिक संदर्भ को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह 19वीं शताब्दी की बात है जब अंग्रेजों ने भारत को उपनिवेश बनाया हुआ था। वह समय जब पहली बार 1857 के विद्रोह में स्वतंत्रता की भावना दिखाई गई थी, विभिन्न सामाजिक-धार्मिक आंदोलन आकार ले रहे थे और ब्रिटिश सत्ता द्वारा पोषित मैकाले की शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति और परंपरा को नीचा दिखाने के संकेत दे रही थी। 1890 में, स्वामी विवेकानंद ने बिना किसी साथी, नाम या समूह के, लेकिन लगातार ईश्वर के स्मरण के साथ अकेले भारत की अपनी ऐतिहासिक यात्रा शुरू की। स्वामीजी ने पूरे भारत की यात्रा की; उनमें से प्रमुख थे राजपूताना, बड़ौदा, पोरबंदर, बॉम्बे, पूना, बैंगलोर, कोचीन, त्रिवेंद्रम और रामेश्वरम। वाराणसी की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कहा, 'मैं जा रहा हूं, लेकिन मैं तब तक वापस नहीं आऊंगा जब तक कि मैं समाज पर बम की तरह फट न सकूं।' इस अवधि में, स्वामीजी ने एक बार कहा था, 'मेरे जीवन के अंतिम बारह वर्षों में, मुझे यह नहीं पता था कि अगला भोजन कहां से आएगा।' उन्होंने इस अवधि के दौरान शिकागो में विश्व धर्म संसद के बारे में भी जाना। भारत की लंबाई और चौड़ाई को कवर करने के बाद, स्वामी विवेकानंद अंततः दिसंबर 1892 में कन्याकुमारी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर 3 दिन और रात का ध्यान किया। इस समय, यह भारत का दुख था, जो उनकी आंखों के सामने था, जो हर दूसरे विचार को छोड़कर उनके दिमाग में भर गया था। उन्होंने पाया कि भारत के पतन और गिरावट का मुख्य कारण भारत के आम लोगों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की कमी है। उन्होंने अपने गुरु-भाई को लिखा, 'भारतीय चट्टान के अंतिम टुकड़े पर बैठकर, मुझे एक योजना सूझी।' इसके अलावा, स्वामी विवेकानंद लगभग 8000 मील और दो महीने की यात्रा तय करने के बाद, जुलाई 1893 में शिकागो पहुंचे, जब उन्हें यह जानकर झटका लगा कि विश्व धर्म संसद को सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। आश्रय के बारे में कोई सुराग नहीं, पर्स लगभग खाली, रंग भेदभाव और बिना किसी प्रमाण पत्र के, शून्य से नीचे के तापमान के बीच, उन्हें स्टेशन के खाली डिब्बे में सोना पड़ा। हालांकि, भाग्य ने स्वामी विवेकानंद की मदद की, और उन्हें संसद के लिए प्रमाण पत्र मिल गए।इसके अलावा, 11 सितंबर 1893 को, विश्व धर्मों के प्रसिद्ध प्रतिनिधियों के बीच स्वामी विवेकानंद भी थे, मोहित चेहरे के साथ, बिना किसी तैयार भाषण के। जैसे ही उन्होंने देवी सरस्वती को प्रणाम करके और मुश्किल से सीधे शुरुआती शब्द 'अमेरिका की बहनों और भाइयों' का उच्चारण किया, सैकड़ों लोग अपनी सीटों पर खड़े हो गए और दो मिनट तक तालियां बजाते रहे। यद्यपि स्वामी विवेकानंद के जोशीले शब्दों और ज्वालामय जीभ ने विश्व को हिलाकर रख दिया, लेकिन चरित्र, तपस्या और साधना के वर्षों ने उन्हें अपनी प्रिय मातृभूमि का संदेश देने के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद ने कहा, 'मुझे ऐसे धर्म से संबंधित होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति सिखाई है। हम न केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं।' संसद में सभी ने अपने धर्म का प्रचार किया, लेकिन स्वामी विवेकानंद ने सार्वभौमिक धर्म, 'मानवता' की बात की। ईसाई धर्म को दुनिया में 'एकमात्र सच्चा धर्म' घोषित करने और प्रचार करने के लिए आयोजित संसद, स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रस्तुत सनातन धर्म के 'समावेशी' दृष्टिकोण से मंत्रमुग्ध थी। उन्होंने कहा, 'यदि धर्म संसद ने दुनिया को कुछ दिखाया है, तो वह यह हैः इसने दुनिया को साबित कर दिया है कि पवित्रता, शुद्धता और दान दुनिया के किसी भी चर्च की विशेष संपत्ति नहीं है, और हर प्रणाली ने सबसे उत्कृष्ट चरित्र वाले पुरुषों और महिलाओं को जन्म दिया है।' सभी प्रतिनिधियों ने अपने धर्म के भाईचारे का दावा किया, लेकिन स्वामी विवेकानंद का मुख्य संदेश 'विश्व बंधुत्व' था। स्वामी विवेकानंद ने कहा, 'मुझे ऐसे देश से होने पर गर्व है जिसने सभी धर्मों और सभी देशों के सताए गए और शरणार्थियों को शरण दी है। मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने अपने सीने में उन शुद्धतम इस्राइलियों को इकट्ठा किया है, जो दक्षिण भारत में आए और उसी वर्ष हमारे साथ शरण ली, जिस वर्ष उनके पवित्र मंदिर को रोमन अत्याचार द्वारा टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया था। मुझे उस धर्म से होने पर गर्व है जिसने भव्य पारसी राष्ट्र के अवशेषों को शरण दी और अभी भी उनका पालन-पोषण कर रहा है।' यह आज भी काफी प्रासंगिक है, क्योंकि जब हमारे पड़ोसियों को जरूरत पड़ी, तो उन्होंने केवल भारत में शरण पाई, चाहे वह बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना हों, जिन्हें अपने ही देश से निकाल दिया गया था और उन्हें तुरंत भारत में ही शरण मिली या बहुत पहले 1959 में दलाई लामा थे, जिन्होंने अपने धर्म का पालन करने और उसे बढ़ावा देने के लिए केवल भारत को ही सबसे सुरक्षित स्थान पाया।

## अब संसद में अभिव्यक्ति की मुख्य भाषा हिंदी ही है

अगर संसद भारत की आत्मा है तो हिंदी के हक में एक बहुत ब.ड़ा बदलाव वहां दिखाई पड़ता है। पहली लोकसभा में जितने सांसद देश भर से चुन कर आए थे, उनमें से साठ फीसदी प्रायः अंग्रेजी में ही अपनी बात रखते थे। केवल हिंदी भाषी प्रदेशो के सांसद ही हिंदी में बोलते थे और उनमें से भी कुछ ऐसे थे, जो अंग्रेजी में ज्यादा बोलना पसंद करते थे बजाए हिंदी के। अब भाषायी अभिव्यक्ति के स्तर पर संसद का परिदृश्य बहुत कुछ बदला हुआ है। आज अठारहवीं लोकसभा ( और राज्यसभा में भी) में 70 फीसदी से ज्यादा सांसद हिंदी में अपनी बात रखते हैं या फिर ऐसा करने की कोशिश करते हैं। हिंदी को राजभाषा बनने के 75 सालों में एक गुणात्मक बदलाव यह आया है कि अब हिंदी को भारत की प्रतिनिधि भाषा के रूप में वैश्विक स्तर पर भी स्वीकार कर लिया गया है, भले ही किंतु-परंतु के साथ। कमोबेश यही स्थिति भारत के भीतर भी है। हिंदी की यह स्वीकार्यता भाषा को लेकर की जाने वाली क्षुद्र राजनीति के बाद संभव हुई है। बीते दस सालों में हिंदी को शीर्ष स्तर पर स्थापित करने के जो सायास अथवा मजबूरी में जो प्रयास हुए हैं, उनका असर यह है कि कई बार न चाहते हुए राजनीति और प्रशासन के शीर्षस्थ लोगों को भी हिंदी को स्वीकारना पड़ा है, पड़ रहा है। इसका काफी हद तक श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी देना पड़ेगा, जिन्होंने अहिंदी भाषी होने के बाद भी हिंदी को हर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित किया है।दरअसल, उन्होंने सत्ता शीर्ष को अंग्रेजी न आने की ग्लानि से भी पूरी तरह मुक्त किया है। अब यह मान लिया गया है कि आप अंग्रेजी का हाथ छोड़ें न छोड़ें, लेकिन हिंदी को तो अपने साथ रखना ही होगा। क्योंकि हिंदी अब सबसे बड़ी संपर्क भाषा है और भारत की आत्मा को जानने की कुंजी है।हिंदी की यह 'विजय यात्रा' उसके आधिकारिक राष्ट्रभाषा बन पाने अथवा न बन पाने, देश में अंग्रेजी के वर्चस्व का रोना रोते रहने, प्रौद्योगिकी, कॉरपोरेट, उच्च न्यायपालिका व अन्य कुछ क्षेत्रों में अंग्रेजी के ही छाए रहने जैसी कुढ़न के बावजूद जारी है। फर्क इतना है कि हिंदी जिस नए स्वरूप, तेवर और पाचकता के जीवन के विविध क्षेत्रो में घुस रही है, पनप रही है, वो कई परंपरावादियों, शुद्धतावादियों और हिंदी के ठेकेदारो को रास नहीं आ रही है, इसलिए लगातार विस्तारित होती हिंदी पर कई बार 'बिगड़ने'




और 'भ्रष्ट' होने जैसे आरोप लगाए जाते रहे हैं। यह मानकर कि भाषा कोई राजरथ है, जिसकी लगाम कुछ लोगों के हाथ में ही थमी रह सकती है। यह अपने आप में अच्छी और सकारात्मक बात है कि हिंदी राजभाषा और राष्ट्रभाषा की आधिकारिक मान्यता जैसे दबावों और मानसिक बोझ से हटकर अपनी राह और जुनून के साथ आगे बढ़ रही है। वह अब एक खास भौगोलिक क्षेत्र के लोगों की भाषा ही नहीं रह गई है, बल्कि आर्थिकी ,व्यापार, विज्ञापन, आपसी संवाद, क्षेत्रीय परस्परता, विविध भाषियों के बीच संपर्क और राष्ट्रव्यापी गतिशीलता के लिए अभी अनिवार्य तत्व बन गई है। यह स्थिति केवल कानूनी अथवा किसी डंडे के दम पर नहीं बल्कि स्वयं लोक की इच्छा और जरूरत के कारण बन रही है। यह सिलसिला बढ़ते ही जाना है। अगर संख्या को ही आधार माने तो आज देश में (2011 की जनगणना के अनुसार) 40 करोड़ लोगों की हिंदी पहली और 65 करो.ड़ लोगों की दूसरी भाषा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी अब दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ में उसे अभी भी मान्यता नहीं है। दूसरे, हिंदी को ज्ञान की भाषा बनने की दिशा में भी अभी काफी कुछ करना बाकी है। दरअसल हिंदी की यह 'जय यात्रा' अपने दम पर और हिंदी भाषियों की जिजीविषा के कारण ही ज्यादा है। भले ही यह माना जाता हो कि आज भारतीय विदेशों में अपनी अच्छी अंग्रेजी के कारण रोजगार पाते हों, लेकिन इसी के साथ यह भी मान लिया गया है कि भारत की प्रतिनिधि भाषा हिंदी ही है। अंग्रेजी रोजगार की भाषा हो सकती है, लेकिन हिंदी अस्मिता की भाषा है। इसे जाने बगैर भारत को नहीं जाना जा सकता। हिंदी का यह स्वाभाविक 'वर्चस्व' पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में तो स्थापित हो ही चुका है। इसमें हिंदी फिल्मों का बड़ा योगदान है। साथ ही टीवी और इंटरनेट भी अब हिंदी को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में अंग्रेजी के अलावा अनूदित मनोरंजन सामग्री हिंदी में ही उपलब्ध है। भारत और पड़ोसी देशों के बच्चे भी अब हिंदी को सहज भाषा के रूप में ले रहे हैं। खुद भारत के भीतर भी गैर हिंदी भाषी राज्यों में युवा पीढ़ी अपनी पूर्ववर्ती पीढ़ी की तुलना में हिंदी ज्यादा सहजता से बोल और समझ पाती है। यह काम हिंदी की औपचारिक शिक्षा से ज्यादा हिंदी के जरिए भारत को जानने की सहज जिज्ञासा और जरूरत के कारण ज्यादा हो रहा है। अगर संसद भारत की आत्मा है तो हिंदी के हक में एक बहुत ब.ड़ा बदलाव वहां दिखाई पड़ता है। पहली लोकसभा में जितने सांसद देश भर से चुन कर आए थे, उनमें से साठ फीसदी प्रायः अंग्रेजी में ही अपनी बात रखते थे। केवल हिंदी भाषी प्रदेशो के सांसद ही हिंदी में बोलते थे और उनमें से भी कुछ ऐसे थे, जो अंग्रेजी में ज्यादा बोलना पसंद करते थे बजाए हिंदी के। अब भाषायी अभिव्यक्ति के स्तर पर संसद का परिदृश्य बहुत कुछ बदला हुआ है।

आज अठारहवीं लोकसभा ( और राज्यसभा में भी) में 70 फीसदी से ज्यादा सांसद हिंदी में अपनी बात रखते हैं या फिर ऐसा करने की कोशिश करते हैं। यह बदलाव खास तौर पर बंगाली, असमी, ओडिया, मराठी, तेलुगू (तेलंगाना), पंजाबी, गुजराती, कनन्ड , कश्मीरी भाषी सांसदो के रवैये में देखने को मिलता है। अभी तमिलनाडु और कुछ हद तक केरल इसका अपवाद हैं। लेकिन अगर ज्यादातर गैरहिंदी भाषी सांसद अब अपनी बात हिंदी में ही रखने को प्राथमिकता दे रहे हैं, उसके पीछे एकमात्र कारण यही है कि उन्हें लगता है कि इसी भाषा के जरिए वो अपनी बात ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा पाएंगे। उनकी बात समूचे देश में सुनी जाएगी। यह बदलाव किसी दबाव के तहत नहीं बल्कि इस बात के खुले मन से स्वीकार से हुआ है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सम्प्रेषण की भाषा हिंदी ही हो सकती है, जोकि वह है भी। संतोष की बात यही है कि हिंदी बगैर बैसाखियों के अपनी चाल और मस्ती में आगे बढ़ती जा रही है। एक महानदी की तरह वह साथ मिलने वाली भाषायी नदियों को भी अपने में समोती चली जा रही है। जो नई हिंदी गढ़ी जा रही है, वह नई सदी की हिंदी है। नई सभ्यता, संस्कृति और समरसता की हिंदी है। वह सबको साथ लेकर और सबके भीतर लहलहाने वाली हिंदी है। हिंदी की यही ताकत उसे और अधिक स्वीकार्य बनाएगी। देश के भीतर हिंदी का राजनीतिक विरोध 60 साल में सिमटता गया है। धीरे- धीरे यह और सिकु.ड़ता जाएगा। क्योंकि हिंदी और तेजी से देश की एक स्वाभाविक जरूरत बन रही है, बनती चली जाएगी।

## रेचल मॉरिसन- स्त्रियों के लिए खोली नई राह

जब 2017 की फिल्म 'मडबाउंड' के लिए 2018 में ऑस्कर पुरस्कारों की घोषणा हुई, तो पहली बार एक स्त्री सिनेमाटोग्राफर का नाम सुनाई पड़ा। रेचल मॉरीसन को सर्वोत्तम सिनेमाटोग्राफी का पुरस्कार त्तो नहीं मिला मगर इसका नामांकन उन्हें मिला। इस तरह एक नई श्रेणी में सिने-पुरस्कारों की राह स्त्रियों के लिए खुल गई।

स्त्रियां प्रारंभ से ही फिल्मों से जुड़ी रही हैं, कभी परदे के पीछे और कभी परदे के सामने, पर वे सदा किसी-न-किसी रूप में सिनेमा में सदा रही हैं। मगर उन्हें पहचान बहुत बाद में मिली, उनके योगदान को काफी समय पश्चात स्वीकारा गया। वरना तो अक्सर कहा जाता है, यह तो पुरुषों का क्षेत्र है, स्त्रियां इसमें कहां हैं? और जब पुरस्कारों की बारी आती है, तब भी यही कहा जाता है। एक बार किसी सिने-क्षेत्र में स्त्री को पुरस्कार प्राप्त हो जाता है, तो आगे के लिए राह खुल जाती है। दसिनेमाग्राफी के क्षेत्र में न केवल स्त्रियां वरन पुरुषों की भी काफी समय तक उपेक्षा रही, उनके नाम पर कोई ईनाम घोषित न था। समय के साथ सोच बदली, काम में परिवर्तन हुआ। स्त्री-पुरुष के काम के चलते आए परम्परागत बंटवारे




में भी बदलाव आया।एक ऐसा ही क्षेत्र सिने-फोटोग्राफी का है। इस क्षेत्र में स्त्रियां काफी समय से सक्रिय हैं, मगर पहचान बहुत समय बाद मिली। जब 2017 की फिल्म 'मडबाउंड' (निर्देशन डी रीस) के लिए 2018 में ऑस्कर पुरस्कारों की घोषणा हुई, तो पहली बार एक स्त्री सिनेमाटोग्राफर का नाम सुनाई पड़ा। रेचल मॉरिसन को सर्वोत्तम सिनेमाटोग्राफी का पुरस्कार तो नहीं मिला मगर इसका नामांकन उन्हें मिला। इस तरह एक नई श्रेणी में सिने-पुरस्कारों की राह स्त्रियों केलिए खुल गई। 'सेट पर डॉरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी का काम सर्वोत्तम होता है, हम सब यह जानते हैं' ऐसा कहने वाली रेचल को इसके पहले कुछ पुरस्कार मिले हैं। पर ऑस्कर की बात कुछ और है। यह साहित्य के नोबेल जैसा है, एक साथ पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित करने वाला पुरस्कार। 27 अप्रैल 1978 को अमेरिका में जन्मीं रेचल को इसके पहले 2013 में वीमेन इन फिल्म लुसी का कोडाक विजन तथा उसी साल वीमेन इन फिल्म क्रिस्टल का कोडाक अवॉर्ड प्राप्त हुआ था। 2019 में उन्हें अलाएंस ऑफ वीमेन फिल्म जर्नलिस्ट का 'फीमेल फोकस पुरस्कार' भी मिला। 2017 में उन्हें न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्किल का सर्वोत्तम सिनेमाटोग्राफार पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।नामांकन तो कई बार मिला था। कैमरा के साथ एलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट संभालने वाली रेचल मॉरिसन को खासतौर पर वे कहानियां पसंद आती हैं, जो आशा और निराशा के बीच झूलती हैं। वे सबसे पहले कहानी कहने वाली हैं। रेचल ने अपनी मास्टर की डिग्री अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट से की है और उन्होंने फोटो पत्रकारिता भी की है। 'ब्लैक पैंथर', 'केक', डोप', 'लिटिल एक्सीडेंट्स', 'साउंड ऑफ माई वॉइज' (अंतिम दोनों फिल्मों को सर्वोत्तम पिक्चर को ऑडियंस तथा ग्रैंड जूरी दोनों पुरस्कार मिले) आदि फिल्में रेचल ने फिल्माई हैं।कैमरा के साथ एलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट संभालने वाली रेचल मॉरिसन को खासतौर पर वे कहानियां पसंद आती हैं, जो आशा और निराशा के बीच झूलती हैं। वे सबसे पहले कहानी कहने वाली हैं। रेचल ने अपनी मास्टर की डिग्री अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट से की है और उन्होंने फोटो पत्रकारिता भी की है। 'ब्लैक पैंथर', 'केक', डोप', 'लिटिल एक्सीडेंट्स', 'साउंड ऑफ माई वॉइज' (अंतिम दोनों फिल्मों को सर्वोत्तम पिक्चर को ऑडियंस तथा ग्रैंड जूरी दोनों पुरस्कार मिले) आदि फिल्में रेचल ने फिल्माई हैं। रेचल को फोटोग्राफी के अलावा सर्फिंग में रुचि है। स्कूल से निकलते ही उन्हें डॉक्यूमेंट्री बनाने का काम मिल गया, लेकिन तभी 9/11 हुआ और वे रियालिटी टीवी की ओर मुड़ गईं, क्योंकि यहां कैमरे के पीछे रहने पर भी रकम मिल रही थी। फिर उन्होंने उसको भी विदा कह दिया और फीचर फिल्म की दिशा में चल पड़ीं।

## आखिर क्यों परदेसी हाथों में खेल रहा है पड़ोसी मुल्क

जब बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था तो भारत की घेराबंदी करने के लिए फौजी तानाशाह जनरल अयूब ख़ान ने इस द्वीप को अपने शासनकाल में अमेरिका को पट्टे पर दे दिया था। जब बांग्लादेश बना तो पट्टा समाप्त कर दिया गया। शेख़ हसीना के लिए वह मुश्किल घड़ी थी ,जब अमेरिका ने यह द्वीप फिर पट्टे पर मांग लिया था।यह कैसी जम्हूरियत है एक सरकार थी। चुनाव के ज़रिए चुनी गई थी। उसने अपने मुल्क़ को लोकतान्त्रिक ढंग से चलाने की शपथ भी ली थी। आप निर्वाचन के तरीक़े पर सवाल उठा सकते हैं, चुनाव में धांधली के आरोप लगा सकते हैं और विपक्ष के उत्पीड़न की बात भी कर सकते हैं। इसके बावजूद वहां शेख हसीना वाजेद की ऐसी हुकूमत थी,जो अल्पसंख्यकों को सुरक्षा की गारंटी देती थी। वह अपनी आज़ादी के आंदोलन में सहायता करने वाले देश से तमाम असहमतियों के बाद भी अच्छे संबंध बना कर रखती थी। निश्चित ही राष्ट्र के संवैधानिक ढांचे पर उसका नियंत्रण था। लेकिन आज हिन्दुस्तान अपने प्रिय पड़ोसी देश में क्या देख रहा है? वहां हड़बड़ी में सरकार के नाम पर काम चलाऊ व्यवस्था बनाई गई। एक ऐसी सरकार चल रही है,जो संवैधानिक आधार पर नहीं चुनी गई, जिसने बिना चुनाव कराए ही पूर्णकालिक सरकार की तरह बरताव शुरू कर दिया है।इस सरकार में बैठे लोग ऐसे ऐसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील निणय ले रहे हैं, जिनको लागू




करना किसी निर्वाचित सरकार के लिए भी आसान नहीं होता। क्या यह नैतिक और संवैधानिक धरातल पर उचित है कि सरकार चला रहा एक झुण्ड बिना जनादेश लिए इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील फ़ैसले ले इस घटनाक्रम का क्या अर्थ लगाया जाए? ख़ासतौर पर उन स्थितियों में जबकि सारे फ़ैसले भारत विरोधी हो रहे हों। यहां तक कि जिन आधारों पर देश का गठन हुआ,उन आधारों को ही बदलने का काम शुरू हो गया है। जिस सैनिक शासन ने कभी शेख मुजीब को पाकिस्तान की सत्ता नहीं संभालने दी ,अब वैसा ही सैनिक शासन संविधान बदलने की राह पर चल पड़ा है।बांग्ला पहचान के नाम पर वहां के स्वाधीनता सैनानियों ने पश्चिमी पाकिस्तान से जंग लड़ी,लाखों लोग मारे गए , हज़ारों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया और उनकी नृशंस हत्या कर दी गई ,अब उन्ही आतताइयों के समर्थन से मुल्क़ में सरकार चल रही है। क्या यह देश भूल गया है कि सारे संसार को मातृभाषा दिवस दिलाने का काम बांग्लादेश के छात्रों ने किया था।कहानी यह थी कि पाकिस्तान के हुक्मरान बांग्ला भाषा को हिन्दू संस्कृति से जोड़कर देखते थे। इस कारण वे पूर्वी पाकिस्तान से बांग्ला भाषा का नामोनिशान मिटा देना चाहते थे और उर्दू थोपना चाहते थे। लेकिन वहां के लोग बांग्ला संस्कृति को नहीं छोड़ना चाहते थे। विरोध में ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने 21 फरवरी 1952 को बांग्ला भाषा के समर्थन में प्रदर्शन किया। उन पर पाकिस्तानी सेना ने गोलियां बरसाईं। इसमें सोलह छात्र मारे गए थे। इसके बाद यूनेस्को ने 1999 में मातृभाषा के लिए कुर्बानी देने वाले छात्रों की याद में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का ऐलान किया था। इधर, अब उसी बांग्ला भाषा को हटाने पर काम चल रहा है। यानी अब वही हो रहा है ,जो पाकिस्तानी फ़ौजी सत्ता 1952 में चाहती थी। विडंबना है कि वे अब अपने राष्ट्रगान को भी बदलना चाहते हैं, क्योंकि वह एक भारतीय गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा था।ज़ाहिर है सत्ता पलटने की यह साज़िश शेख हसीना के विरुद्ध नहीं ,बल्कि भारत के विरुद्ध थी। तनिक अंतरराष्ट्रीय अतीत को टटोलें तो स्पष्ट हो जाता है कि भारत के विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान पर अमेरिका का वरदहस्त रहा है। उसने पाकिस्तान को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया। इसी तरह इस मुल्क़ पर चीन ने अपना प्रभाव बनाकर रखा। उन दिनों शीत युद्ध की स्थिति में अमेरिका बनाम सोवियत संघ की स्थिति बनी हुई थी। जब सोवियत संघ का विखंडन हो गया और धीरे-धीरे चीन महाशक्ति के रूप में उभरा तो फिर यह अमेरिका बनाम चीन हो गया। हालांकि सोवियत संघ के विखंडन के बाद रूस की ताक़त भी कम नहीं थी,इसलिए अमेरिका बीते तीन दशक से गंभीर प्रयास कर रहा है कि रूस और चीन पर नज़र रखने के लिए अपना सैनिक अड्डा भारतीय उप महाद्वीप में क़ायम करे। इसके लिए उसने सबसे पहले पाकिस्तान को चुना ,किन्तु चीन के असर से पाकिस्तान ऐसा नहीं कर सका। यह प्रस्ताव उसने इमरान ख़ान के प्रधानमंत्री रहते किया था ।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)



FACILITIES


- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking

Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## शेख हसीना समेत 59 लोगों पर नया मामला दर्ज, हिंसा के दौरान छात्र की हत्या के प्रयास का लगा आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** मामले के अनुसार, प्रदर्शनकारियों पर हथियारों से हमला किया गया था, जिसमें फैसल को कई चोटें आईं। दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में उसका इलाज किया गया। शेख हसीना के अलावा पूर्व व्हिप इकबालुर रहीम और दिनाजपुर सदर उपजिला अध्यक्ष इमदाद सरकार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया गया है। हसीना के साथ अन्य 58 लोगों पर हिंसक झड़पों के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास का आरोप लगा है। यह मामला 22 वर्षीय फहीम फैसल ने दर्ज कराया था। फैसल ने बताया कि उसे चार अगस्त को दिनाजपुर में गैर सरकारी प्रदर्शन के दौरान गोली मारी गई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। इसके साथ ही हसीना के खिलाफ अबतक 155 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 136 मामले हत्या के और मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के सात मामले शामिल हैं। इसके अलावा तीन अपहरण के मामले, आठ हत्या के प्रयास के लिए और



एक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के जुलूस पर हमले करने का मामला भी दर्ज है। मामले के अनुसार, प्रदर्शनकारियों पर हथियारों से हमला किया गया था, जिसमें फैसल को कई चोटें आईं। दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में उसका इलाज किया गया। फिलहाल वह ठीक है। शेख हसीना के अलावा पूर्व व्हिप इकबालुर रहीम और दिनाजपुर सदर उपजिला अध्यक्ष इमदाद सरकार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि पिछले महीने पांच अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं। बांग्लादेश को साल 1971 में आजादी मिली थी। आजादी के बाद से ही बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था लागू है। इसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 30 प्रतिशत, देश के पिछड़े जिलों के युवाओं को 10 प्रतिशत, महिलाओं को 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए 5 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। इस तरह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण था। साल 2018 में बांग्लादेश के युवाओं ने इस आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई महीने तक चले प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सरकार ने आरक्षण खत्म करने का एलान किया। बीते महीने 5 जून को बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने देश में फिर से आरक्षण की पुरानी व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया।

## फिर यूक्रेन को मदद भेजेगा अमेरिका; आगे की रणनीति के लिए बाइडन करेंगे जेलेंस्की से मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों में यूक्रेनी सेना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि रूस अहम पारगमन केंद्र (ट्रांजिट सेंटर) पोक्रोव्स्क की ओर आगे बढ़ रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन अपने कार्यकाल के शेष महीनों में यूक्रेन को अच्छी स्थिति में रखने की कोशिश कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले ढाई साल से तनाव जारी है। इस बीच अमेरिका एक बार फिर यूक्रेन की सहायता के लिए आगे बढ़ा। राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रशासन ने बताया कि अमेरिका एक बार फिर आगामी हफ्तों में यूक्रेन को एक बड़ा सहायता पैकेज भेजने की तैयारी कर रहा है। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रपति बाइडन इस महीने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने वाले हैं। जेक सुलिवन ने कहा, इस संघर्ष में सफलता के लिए हमें एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि वह यही कर रहे हैं। उन्होंने कीव में याल्टा यूरोपियन रणनीति सम्मेलन में वीडियोलिंक के जरिए यह टिप्पणी की। सुलिवन ने आगे कहा, ठहम बैठकर इस मुद्दे पर बातचीत के लिए उत्सुक हैं। राष्ट्रपति बाइडन भी इसके लिए काफी ज्यादा उत्साहित हैं।ठपिछले कुछ हफ्तों में यूक्रेनी सेना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि रूस अहम पारगमन केंद्र (ट्रांजिट सेंटर) पोक्रोव्स्क की ओर आगे बढ़ रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन अपने कार्यकाल के शेष महीनों में यूक्रेन को अच्छी स्थिति में रखने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि जो बाइडन इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। उनका कार्यकाल जनवरी में खत्म होने वाला है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि इस युद्ध को बातचीत के माध्यम से समाप्त करना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा था कि अगर पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराकर रूस पर हमले करने की अनुमति देता है तो इस संघर्ष में पश्चिमी देश भी सीधे तौर पर शामिल होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि इससे युद्ध का स्वरूप पूरी तरह से बदल जाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति रूस में लंबी दूरी के मिसाइलों से हमले करने के लिए बाइडन प्रशासन और पश्चिमी सरकारों पर दबाव बना रहा है। इसके साथ ही वे मॉस्को पर भी इस युद्ध को खत्म करने के लिए जोर डाल रहे हैं।



# बॉलीवुड/टैली मसाला

## देवरा में जान्हवी कपूर को देखकर जूनियर एनटीआर को हुई हैरानी अभिनेत्री को बुलाते थे- टेप रिकॉर्डर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में पहली बार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की रोमांटिक जोड़ी को देखने के लिए प्रशंसक बेकरार हैं। इस फिल्म के सेट पर जान्हवी को पहली बार देखकर जूनियर एनटीआर हैरान हो गए थे। जानें क्यों। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जूनियर एनटीआर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि जब जान्हवी कपूर देवरा में शामिल हुईं तो उन्होंने उन्हें कम आंका था। तेलुगु सुपरस्टार ने संदीप रेड्डी वांगा के साथ बातचीत में स्वीकार किया कि उन्हें लगा कि जब जान्हवी देवरा में शामिल हुईं तो उन्हें तेलुगु सिनेमा की तरकीबों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होगी क्योंकि वह मुंबई फिल्म इंडस्ट्री से हैं। हालांकि, अभिनेता ने कबूल किया कि जब उन्होंने जान्हवी को परफॉर्म करते देखा तो वे चौंक गए थे। जूनियर एनटीआर ने जान्हवी के अभिनय की तारीफ की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जूनियर एनटीआर ने वांगा से बातचीत में कहा, ठजब मैंने जान्हवी को देखा तो मैं चौंक गया। ये लड़की मुंबई से आई है, क्या पता होगा। (हालांकि उसकी जड़ें दक्षिण भारत में हैं), तेलुगु में बोलना कभी-कभी (कठिन) होता है। लेकिन वह थी (अपनी उंगली से इशारा करते हुए कि वह उससे प्रभावित था।) देवरा का एक सीन था, जिसमें जान्हवी ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से उन्हें चौंका दिया था। जान्हवी ने भी देवरा के सेट की कुछ बातें एक इंटरव्यू के दौरान बताई। जान्हवी ने कहा कि फिल्म के सेट पर उनकी तुलना टेप रिकॉर्डर से की जाती थी क्योंकि वह अपनी लाइनें बहुत अच्छी तरह याद कर लेती थीं। उन्होंने बताया, ठमुझे सेट पर टेप रिकॉर्डर कहकर बुलाते थे। एक्शन के बाद निर्देशक कहते थे, 'ओके टेप रिकॉर्डर ऑन'।देवरा जान्हवी की पहली तेलुगु फिल्म है। पिछले दिनों जान्हवी ने खुलासा किया था कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस साल की शुरुआत में एक इंटरव्यू में जान्हवी ने कहा था, ठमैंने जूनियर एनटीआर के साथ काम करके वाकई बहुत कुछ हासिल किया है। मुझे लगता है कि एक साल तक मैं यही सोचती रही कि मुझे मौका मिले, मुझे मौका मिले और आखिरकार यह हो रहा हैठ हाल ही में रिलीज हुए देवरा के ट्रेलर में प्रशंसकों को जान्हवी जूनियर और जूनियर एनटीआर की जोड़ी काफी पसंद आ रही है। ट्रेलर के अलावा फिल्म के गाने भी दर्शकों को खूब लुभा रहे हैं। फिल्म का गाना चुट्टामल्ले, जो एक रोमांटिक नंबर है और दाउदी, जो डांस पर आधारित है। फिल्म देवरा 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## शबाना आजमी ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में पूरे किए 50 साल, मिलेगा ये खास सम्मान


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। फिर एक बार शबाना आजमी चर्चा में आ गई हैं। उनकी अब तक की बॉलीवुड यात्रा और काम को देखकर टोरंटो फिल्म फेस्टिवल 2024 में शबाना को सम्मानित आजमी का जन्म 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में हुआ था। मुंबई के क्वीन मैरी स्कूल में पढ़ने के बाद शबाना आजमी ने सेंट जेवियर्स कॉलेज से मनोविज्ञान में सनतक किया। शबाना आजमी ने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (इऊघ्) पुणे से 1973 में अभिनय का कोर्स किया। उन्होंने




किया जाएगा। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। फिर एक बार शबाना आजमी चर्चा में आ गई हैं। शबाना आजमी बॉलीवुड इंडस्ट्री में 50 साल पूरे कर चुकी हैं। उनकी अब तक की बॉलीवुड यात्रा और काम को देखकर टोरंटो फिल्म फेस्टिवल 2024 में शबाना को सम्मानित किया जाएगा।इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो 2024 के 13वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। इतने बड़े मंच पर सम्मान मिलना शबाना आजमी के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह फिल्म फेस्टिवल दक्षिण एशियाई फिल्म समारोहों में से एक है। बॉलीवुड में शबाना आजमी की स्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए मंच ने उन्हें चुना है।शबाना जया बच्चन से प्रेरित होकर अभिनय की दुनिया में कदम रखा। शबाना आजमी ने मशहूर फिल्मकार श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' में फिल्मी सफर की शुरुआत की और इस क्लासिक फिल्म में नौकरानी की भूमिका निभाई। इस फिल्म में अपने अभिनय के बल पर शबाना आजमी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह फिल्म 1974 में आई थी। शबाना आजमी को अपने काम के लिए कई अवॉर्ड मिल चुके हैं। शबाना को पांच बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका है। उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी मिल चुके हैं। वह पांच बार फिल्म फेयर अवार्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं।

## दिवाली पर भिड़ेंगी 'सिंघम अगेन' और अनीस बज्मी की 'भूल भुलैया 3' टकराव पर निर्देशक ने कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**इस साल दिवाली पर 'भूल भुलैया 3' और 'सिंघम अगेन' बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाली हैं। हाल में ही 'भूल भुलैया 3' के निर्देशक अनीस बज्मी ने इस टकराव को लेकर अपनी राय जाहिर की है। इस साल दिवाली पर सिनेप्रेमियों को बहुत मजा आने वाला है, क्योंकि दो बहुप्रतीक्षित फिल्में इस बार एक साथ रिलीज होने वाली हैं। अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' दिवाली के मौके पर एक दूसरे से टकराने वाली हैं। इस टकराव को लेकर सिनेप्रेमी तो उत्साहित है, जबकि वितरक और फिल्म निर्माताओं के लिए यह बेहद बुरी चीज है। ऐसे में निर्माता इस टकराव से बचने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। 'भूल भुलैया 3' के निर्देशक अनीस बज्मी ने हाल में ही मिड डे से बातचीत के दौरान कहा कि इस तरह के टकराव कभी भी अच्छे नहीं होते। 'भूल भुलैया' एक लोकप्रिय हॉरर कॉमेडी फ्रेंचाइजी है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। ऐसे में 'भूल भुलैया 3' को लेकर भी निर्माता यही उम्मीद कर रहे हैं कि फिल्म इस बार भी दर्शकों को पसंद आए। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों के टकराव से होने वाले नुकसान की संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अनीस बज्मी ने कहा कि इस तरह का टकराव कभी अच्छा विचार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बहुत पहले ही फिल्म रिलीज की घोषणा करने के बाद भी, अगर इस टकराव की स्थिति बन रही है, तो वह अब इस स्थिति में कुछ भी नहीं कर सकते। बज्मी का मानना है कि एक अच्छी फिल्म को सफल होने के लिए किसी खास तारीख की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वह बॉक्स-ऑफिस नंबरों और रिलीज की तारीखों में शामिल होने वाले आखिरी व्यक्ति हैं। अजय देवगन और अक्षय कुमार, अनीस के दो सबसे करीबी साथी 'सिंघम अगेन' में विशेष भूमिका में हैं। बज्मी ने अजय के साथ 'हलचल', 'प्यार तो होना ही था' और 'दीवानगी' जैसी फिल्मों में काम किया है। वहीं, अक्षय के साथ 'मुझसे शादी करोगी', 'वेलकम', 'सिंह इज किंग' और 'थैंक यू' जैसी फिल्मों में काम किया है। अनीस बज्मी बॉक्स ऑफिस पर होने वाले इस टकराव से बेपरवाह हैं। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में अच्छी दिख रही हैं, इसलिए दोनों बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि अजय, अक्षय और रोहित उनके बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी को पता है कि अनीस उन्हें कभी भी फिल्म की तारीख बदलने के लिए नहीं बुलाएंगे। मशहूर निर्देशक ने कहा है कि उन्होंने कभी ऐसा किया भी नहीं है।









## आलिया भट्ट ने दी रिद्धिमा कपूर को जन्मदिन की शुभकामनाएं, ननद भाभी के बीच है बेहद लगाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के लोकप्रिय पति-पतने की जोडि.यों में से एक हैं। आलिया की रणबीर के परिवारवालों के साथ काफी अच्छी बॉन्डिंग है, खासकर रणबीर की बहन रिद्धिमा का साथ वह अक्सर सोशल मीडिया पर मस्ती करती या प्यार जताती नजर आती हैं। एक बार फिर आलिया ने रिद्धिमा कपूर साहनी के जन्मदिन पर उन्हें प्यारे अंदाज में जन्मदिन की शुभकानाएं दी हैं। गौरतलब है कि आज, 15 सितंबर, 2024 को रणबीर की बहन और आलिया भट्ट की भाभी रिद्धिमा कपूर साहनी अपना जन्मदिन मना रही हैं। रिद्धिमा ने अपने सोशल मीडिया पर जन्मदिन के मौके पर एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वह केक के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। उनके इस तस्वीर पर कई मशहूर हस्तियों ने प्रतिक्रिया दे कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इस क्रम में आलिया भट्ट ने भी उनके इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ठजन्मदिन मुबारक हो, खूबसूरत महिला।ठ इस कमेंट में उन्होंने किस करने वाली इमोजी का भी उपयोग किया है। उन्हें आलिया भट्ट के अलावा, मनीष मल्होत्रा, नीलम कोठारी, आयशा श्रॉफ आदि कई अन्य इंडस्ट्री के दोस्तों ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। हाल में ही गैलाटा इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में, रिद्धिमा ने अपनी भाभी आलिया भट्ट की तारीफ की थी। उन्होंने बताया था कि कैसे आलिया ने ऋषि कपूर के निधन के दौरान कपूर परिवार को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की थी। इसके साथ ही वह रणबीर कपूर के लिए भी सांत्वना का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनी थीं। रिद्धिमा ने कहा था कि मुश्किल समय में आलिया ने उनका भी बहुत साथ दिया था और उनके जीवन में सक्रिय रूप से शामिल रही थीं। इससे पहले भी उन्होंने आलिया की तारीफ करते हुए उन्हें एक बेहतरीन इंसान बताया था और उनकी दयालुता और उदारता का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि उनके भाई आलिया को हमसफर के रूप में पा कर सौभाग्यशाली महसूस करते हैं और आलिया भी उन्हें पाकर ऐसा ही महसूस करती हैं। रिद्धिमा के पति भरत साहनी ने भी आलिया की तारीफ करते हुए उनके शांत स्वाभाव की तारीफ की है। बात करें आलिया के वर्क फ्रंट की, तो आलिया जल्द ही वसन बाली की 'जिगरा' में वेदांग रैना के साथ नजर आएंगी। भावनात्मक रूप से बेहद गहन फिल्म अगले महीने 11 अक्तूबर को रिलीज होगी। इसके अलावा वह यशराज बैनर की स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'अल्फा' में भी काम कर रही हैं।





## आलिया भट्ट ने जारी किया जिगरा के नए गाने का टीजर, दिलजीत ने इक कुड़ी के बाद गाया चल कुडिऐ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट ने अपनी फिल्म जिगरा के नए गाने चल कुडि.ए का टीजर जारी किया है। इसे दिलजीत दोसांझ ने गाया है। आलिया भट्ट की नई फिल्म जिगरा जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म के टीजर को लोगों ने काफी पसंद किया। रिलीज की तारीख जैसे-जैसे पास आते जाएगी, वैसे-वैसे फिल्म से जुड़ी कोई न कोई नई चीज सामने आएगी। हाल ही में, जिगरा के नए गाने का टीजर देखने को मिला है, जिसे आलिया भट्ट ने साझा किया है आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जिगरा के गाने 'चल कुडि.ए' का टीजर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा कि ये जल्द ही आपका होने वाला है। बता दें कि इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है, जिसे सुनने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि मैं एक और कुड़ी का इंतज़ार नहीं कर सकता। पहले इक कुड़ी और अब चल कुडि.ए। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा कि आलू और दिलजीत की जोड़ी गजब है। इसमें कोई शक नहीं है कि ये एक अच्छा गाना और वीडियो होगा, क्योंकि इस गाने में आलिया और दिलजीत हैं। जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। इसे 11 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसमें आलिया भट्ट के अलावा वेदांग रैना और आदित्य नंदा ने भी अभिनय किया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें आलिया भट्ट और वेदांग रैना भाई-बहन के रोल में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित है। बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किसी भी हद को पार करने के लिए तैयार रहती है।




## वो अकेले ही मरेंगे', कॉल मी बे' के सह-कलाकार के लिए अनन्या पांडे ने क्यों कही ऐसी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'कॉल मी बे' स्टार अनन्या पांडे और गुरफतेह पीरजादा इन दिनों चर्चा में हैं। इस सीरीज में दोनों के बीच लवस्टोरी को दिखाया गया है। सीरीज के बाद से वह दोनों चर्चा में हैं। अनन्या इसी सीरीज में अपने सह-कलाकार को लेकर राय रखती हैं कि वह अकेले ही मेरेंगे।'कॉल मी बे' स्टार अनन्या पांडे और गुरफतेह पीरजादा इन दिनों अपनी सीरीज और बयानों के कारण चर्चा में हैं। इस सीरीज में दोनों के बीच लवस्टोरी को दिखाया गया है। बातचीत के दौरान गुरफतेह पीरजादा ने एक बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि अनन्या सीरीज में अपने सह-कलाकार को लेकर अजीब सी राय रखती हैं। उनका मानना है कि वह अकेले ही मेरेंगे।गुरफतेह पीरजादा ने हाउटरफ्लाई ने अपने रिलेशनशिप और डेटिंग लाइफ के बारे में खुलकर बात की। चैट के दौरान, गुरफतेह पीरजादा ने अपनी कॉल मी बे को-स्टार अनन्या पांडे के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि अनन्या के साथ काम करना 'बहुत मजेदार और बहुत अच्छा' था लेकिन कई अन्य लोगों की तरह, उन्हें भी समझ नहीं आता कि वह किसी को डेट क्यों नहीं कर रहे हैं। इसलिए, शो की शूटिंग के दौरान एक बार अनन्या ने उनसे पूछा 'तो अब आप किसे डेट कर रहे हैं'। इस सवाल पर, अभिनेता न में उत्तर दिया।इस पर गुरफतेह के अन्य प्रशंसकों की तरह ही अनन्या ने भी पूछा, 'आप सिंगल कैसे हो सकते हैं?' और उन्होंने कहा, 'आप हो सकते हैं।' इस बारे में विस्तार से बताते हुए, गुरफतेह ने कहा, 'मुझे सिंगल रहना अच्छा लगता है, मैं खुश हूं लेकिन जाहिर तौर पर वह सोचती है कि मैं अकेले ही मर जाऊंगा'।बताता चलें कि 'कॉल मी बे' 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस सीरीज से अनन्या पांडे ने अपना ओटीटी डेब्यू किया है। इसका निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा ने किया है और इस सीरीज में कुल आठ एपिसोड हैं। इसका निर्माण धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है, जिसमें करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा कार्यकारी निर्माता हैं।



## राजकुमार राव ने की 'द बकिंघम मर्डर्स' की प्रशंसा, करीना कपूर की फिल्म को लेकर कही यह बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** करीना कपूर खान और हंसल मेहता की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों रुपये की कमाई कर ली है। प्रशंसक सोशल मीडिया पर करीना की इस फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। अब इस फिल्म पर राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई है। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। राजकुमार राव ने भी फिल्म की तारीफ की और इसे एक मनोरंजक थ्रिलर बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम की स्टोरी पर करीना की इस फिल्म को लेकर एक पोस्ट साझा किया है और अपनी प्रतीक्रिया दी है।राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म से करीना का एक लुक साझा किया और लिखा, ठसिनेमाघरों में चल रही इस मनोरंजक थ्रिलर को जरूर देखें।ठ बता दें बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर और हंसल मेहता की एक साथ पहली फिल्म है। 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना कपूर खान के अलावा ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे बेहतरीन कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।